卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 202 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦3 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का निधन

देहरादून( उद संवाददाता)। चंपावत के पूर्व विधायक व उत्तराखंड वन विकास निगम अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का लंबी बिमारी के चलते निधन हो गया। बताया जा रहा है कि तीन माह पूर्व ही वह अमेरिका से उपचार कर लौटे थे। उसके बाद उनकी तबीयत और खराब हो गई थी। इस पर उन्हें देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। लोग इस अनहोनी पर विश्वास ही नहीं कर पा रहे हैं। कैलाश गहतोड़ी 2017 में कांग्रेस नेता हेमेश



खर्कवाल को बंपर मतों से हराकर पहली बार चंपावत से विधायक बने थे। उसके बाद 2022 के विस चुनाव में भी उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। सीएम पुष्कर सिंह धामी खटीमा से चुनाव हार गए थे। इस पर उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा देकर सीएम धामी के लिए चम्पावत सीट छोड़ी थी। सीएम धामी ने चम्पावत सीट से बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।प्रदेश भर के भाजपा नेताओं सहित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके निधन पर शोक संवेदनाये व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रिय मित्र और बड़े भाई कैलाश गहतोड़ी के निधन का पीड़ादायक समाचार सुन स्तब्ध हूं। कैलाश जी का जाना संगठन, प्रदेश के साथ-साथ मेरे लिए भी व्यक्तिगत (शेष पृष्ठ सात पर)

## डिवाईडर से भिड़ी बेकाबू पिकप,चालक की मौत


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर अनियंत्रित पिकप के डिवाईडर के टकरा जाने से पिकप चालक गंभीर रूप सें घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर



दिया। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन चिकित्सालय आ पहुंचे और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार जगतपुरा निवासी 35 वर्षीय संतोष यादव पुत्र स्व. शीशपाल पिकप संख्या यूके 06 सीबी 8207 को चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि वह बरेली में माल उतारकर वापस रूद्रपुर लौट रहा था। जब वह किच्छा रोड पर महेन्द्रा कम्पनी के पास पहुंचा तो अचानक पिकप अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे डिवाईडर से तेजी से जा टकराई। इस दुर्घटना में चालक संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय(शेष पृष्ठ सात पर)

## मंदिर से देवी देवताओं की कीमती मूर्तियां चोरी

काशीपुर( उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में घनी आबादी के बीच स्थापित महादेव मंदिर से अज्ञात चोरों ने देवी देवताओं की कीमती मूर्तियों पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से पुलिस की सक्रियता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला गंज निवासी अक्षत मिड्डा पुत्र सुरेश कुमार मिड्डा ने बताया कि बीते 30 अप्रैल की मध्य रात्रि घात लगाए चोरों ने मंदिर पर धावा बोलकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लक्ष्मण माता



जानकी हनुमान जी के अलावा अन्य देवी देवताओं के पीतल की कीमती मूर्तियों एवं अन्य सामान समेट लिया और मौके से फरार हो गए। (शेष पृष्ठ सात पर)

## नौकरी व एजेंसी दिलाने के नाम पर युवती ने 13.44 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोगों से ठगी करने के मामले में अब महिलायें भी पीछे नहीं रही हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को नौकरी व पान मसाला की एजेंसी दिलाने के नाम पर 13.44 लाख ठग लिए गये। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में राम रतन पुत्र सुन्दर लाल निवासी सुभाष कालोनी रुद्रपुर ने कहा है कि उसका पुत्र पारस राजपूत एमबीए की पढ़ाई पूरी करके नौकरी की तलाश कर रहा था। इस दौरान उसकी मुलाकात हिना रावत उर्फ निकिता सिंह पुत्री बलवन्त सिंह रावत निवासी ग्राम भीम नगर खरमासा कुण्डेश्वरी, काशीपुर से हुई। हिना द्वारा पारस को अपनी मीठी बातो के प्रलोभन में लेकर यह विश्वास दिलाया कि उसकी उच्चाधिकारियों एवं जजो से अच्छी जान पहचान है तथा वह पारस की नौकरी लगवा सकती है। इस सिलसिले में हिना अपने अपराधिक साथी पारस चौहान, तनु चौहान, जानकी देवी पत्नी श्री बलवन्त सिंह रावत निवासी भीमनगर खरमासा, कुण्डेश्वरी , गुरविन्दर सिंह उर्फ मीत पुत्र कुलविन्दर सिंह निवासी शेखरपुरा खतौली, मुजफ्फरनगर के साथ माह अगस्त व सितम्बर 2023 में उसके घर आई तथा उसने रेलवे विभाग में टीटीई के लिए 10 लाख, क्लर्क के लिए रूपये 5 लाख तथा स्टेट बैंक में नौकरी दिलाने के लिए 10 लाख खर्च होने की बात बताकर परिजनो को बहलाना फुसलाना शुरू कर दिया। इस सम्बन्ध में हिना रावत ने एक सादे पेपर पर विवरण स्वयं लिख कर दिया। हिना रावत द्वारा रजनीगंधा पान मसाल की एजेंसी दिलाने के नाम पर 5लाख रूपये खर्च होने और बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर रूपये 6 लाख खर्च होना बताया। रामरतन का कहना है कि जिसमें 10 लाख रूपये दे दिये गये। 17 अक्टूबर 2023 (शेष पृष्ठ सात पर)

### भूमिधरी कराने के नाम पर 13.70 लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूमि को भूमिधरी करवाने के नाम पर दो लोगों द्वारा महिला से 13.70 लाख हड़प लिए गये। एसएसपी के निर्देश पर मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पदमा मेहरा पुत्री हुकम सिंह मेहरा निवासी लोहरिया साल तल्ला कटघरिया, हल्द्वानी ने कहा है कि उसके परिचित रामरतन सिंह निवासी सुभाष कॉलोनी, रूद्रपुर के माध्यम से अक्टूबर माह में उसकी मुलाकात निकिता सिंह से हुई, जिसने स्वयं को हाई कोर्ट, नैनीताल में वकील बताया एवं कहा कि उसकी पहुंच उपर तक है तुम्हारा कोई काम हो तो बताना। जिस पर उसने अपनी बाजपुर के ग्राम टांडा में स्थित (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक को चाकू से गोदा,हालत गंभीर

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरूवार रात कुछ लोगों ने एक युवक को चाकू से गोद डाला। इससे युवक की आंतें बाहर निकल आई। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल हो जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रुद्रपुर में अटरिया मेला चल रहा है। गुरुवार की रात करीब 11 बजे अटरिया मेले की पार्किंग के समीप 35 वर्षीय नंदू कोली पुत्र हरिशंकर निवासी जगतपुरा को को कुछ लोगों ने घेर लिया और उस पर चाकूओं से ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उक्त हमलावरों ने युवक पर चाकू से कई वार किये। हमले में युवक के पेट की आंतें बाहर निकल आई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी।



तभी हमलावर मौके से भागने में सफल हो गए। बाद में उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख हायर सेंटर को रेफर कर दिया। हमलावरों में से एक का नाम अन्ना बताया जा रहा है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही हैं। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## संजय नगर खेड़ा में अब नहीं खुलेगी शराब की दुकान

### विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप के बाद निपटा मामला

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा में खुलने जा रही देसी शराब की दुकान अब नहीं खुलेगी। मामले को लेकर विधायक शिव अरोरा के आवास पर संजय नगर खेड़ा के लोग बड़ी संख्या में शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने लिखित ज्ञापन देकर संजय खेड़ा में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध किया। उनका कहना था कि घनी



आबादी वाले क्षेत्र मे जहाँ बच्चों के स्कूल से लेकर अनेको धार्मिक स्थल मंदिर है उस क्षेत्र मे सरकारी देसी मदिरा की दुकान व कैंटीन खोले जाना गलत है। वार्डवासियों का कहना था कि शराब की दुकान खुलने से यहां का माहौल खराब होगा और युवाओं व बच्चों पर गलत असर पड़गा। विधायक शिव अरोरा ने संजय नगर क्षेत्र के लोगो की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मामले को लेकर जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार से दूरभाष पर वार्ता की और जनभावनाओं से अवगत कराया। जिसपर आबकारी अधिकारी अशोक कुमार ने सहमति व्यक्त करते कहा कि देसी मदिरा की दुकान संजय नगर खेड़ा मे नही खोली जायेगी । विधायक शिव अरोरा ने कहा कि हमारी महिलाओ कि सुरक्षा व बच्चों के भविष्य को देखते हुए हम ऐसी कोई भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## परिजनों पर दिवंगत मां की सम्पत्ति कब्जाने और जेवर लूटने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय के आदेश पर एक महिला द्वारा अपने कुछ परिजनों पर मां की मृत्यु के बाद उसकी सम्पत्ति पर कब्जा कर लेने व जबरन जेवर लूट लेने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में ज्योति कौर पत्नी मंगत सिंह निवासी ग्राम गिधौर, नानकमत्ता ने गुरमीत सिंह पुत्र सुरेन सिंह, श्रीमती सौरो कौर पत्नी अवतार सिंह, श्रीमती लाडो कौर पत्नी हरवंश सिंह, श्रीमती पप्पी पत्नी बिट्टू निवासीगण ग्राम बिन्दुखेड़ा, के विरूद्ध दर्ज रपट में कहा है कि वह अपने माता-पिता की इकलौती सन्तान है। उसके पिता गुरदीप सिंह पुत्र स्व. सुरैन सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा का उसके विवाह से पूर्व ही निधन हो चुका था। विवाह उपरान्त वह अपने ससुराल नानकमत्ता विदा होकर चली गयी। उसकी माता श्रीमती कुलवन्त कौर ग्राम बिन्दुखेडामें अपने मकान में अकेले रहती रही और उक्त मकान में अपना आधा हिस्सा जिसमें एक दुकान जोकि उसकी माता द्वारा किराये पर दी गयी थी मकान का आधा हिस्सा उसके चाचा गुरमीत सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ाके नाम पर है। उसके चाचा गुरमीत सिंह, बुआ सीरो कौर, ,ताई लाडो कौर (शेष पृष्ठ सात पर)

## परीक्षा में बैठने से रोकने पर भड़के छात्र,धरना प्रदर्शन

किच्छा( उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय महाविद्यालय किच्छा में उपस्थिति कम होने के कारण परीक्षा से रोके गए छात्रों ने विद्यालय के गेट पर बैठकर महाविद्यालय



प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। छात्रों ने परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग की। उल्लेखनीय है कि राजकीय महाविद्यालय की विभिन्न सेमेस्टर और वार्षिक स्तर की परीक्षाएं कुमाऊं महा विद्यालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल के पास शराब दुकान खोलने से भड़के लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन कल्याण एवम बाल विकास संस्था की डायरेक्टर डाक्टर माधवी अवस्थी के नेतृत्व में आज कीरतपुर मोड़, आनंदम गार्डन के पास शराब की दुकान खोले जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि आवासीय क्षेत्र के साथ ही स्कूल के चंद कदम दूर प्रशासन द्वारा शराब की दुकान



खोलना बिल्कुल बर्दाशत नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में वह जिला अधिकारी व आबकारी विभाग से वार्ता करेंगे। श्री जुनेजा ने कहा (शेष पृष्ठ 7 पर)

# लेक पैराडाइज में हुई प्रेम गीत 'खामोशी' की शूटिंग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साज पिक्चर के बैनर तले लव सांग 'खामोशी' की शूटिंग लेक पैराडाइज सहित रुद्रपुर माल और अन्य खूबसूरत लोकेशन पर शूटिंग की गई। इस गाने के निर्देशन नाहिद खान द्वारा किया गया। यह गाना यू ट्यूब के साथ ही ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगा। इस बीत की शूटिंग का शुभारम्भ आतिश अरोरा ने क्लिप बोर्ड से क्लिपर देकर किया। इस सांग में मुख्य भूमिका समीर अंसारी, हिमांशु तिवारी और टविंकल तनेजा द्वारा निभाई गई है। जबकि गीत को भावेश पांडेय ने लिखा है, और अपने मधुर आवाज से गीत में जान डाल दी है। इस गीत के प्रोड्यूसर साज पिक्चर के प्रवीण अरोरा है। संदीप सुखीजा क्रिएटिव डायरेक्टर है और डीओपी साजिद अंसारी है। जिन्होंने बहुत खूबसूरत दृश्यों को कैमरे में कैद किया है। प्रवीण अरोरा के कहना है कि उनके साज पिक्चर के बैनर तले जल्द ही वेब सीरीज और बॉलीवुड फिल्मो का निर्माण किया जायेगा। साथ ही उत्तराखंड की उभरती प्रतिभाओ को इसमें काम करने का मौका दिया जायेगा। उन्होंने कहा साज पिक्चर एक वेब सीरीज की कहानी पर काम कर रहा है, जो उत्तराखंड की संस्कृति, परिवेश के साथ ही यहां के पर्यटक स्थलों को भी प्रदर्शित करेगी। जिससे उत्तराखंड की खूबसूरत लोकेशन देश विदेश तक पहुंच सके। डायरेक्टर नाहिद खान का कहना है कि साज फिल्म के बैनर तले बने श्खामोशीश लव सांग में युवाओ में प्रेम भावनाओ के सम्बन्धो को एक कहानी के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। जो लोगो को पसंद आयेगा।



# हजरत लौसारी बाबा के दस दिवसीय उर्स का आगाज

सितारगंज (उद संवाददाता)। हजरत लौसारी बाबा की दरगाह पर दस दिवसीय उर्स का गुरुवार को हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने बाबा की मजार पर चादरपोशी मुल्क में अमन चौन की दुआएं की। गुरुवार को हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने ग्राम पंडरी में स्थित हजरत लौसारी बाबा की मजार में दस दिवसीय उर्स प्रारंभ हो गया है। हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने उर्स का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि



हजरत लौसारी बाबा की दरगाह पर सर्वसमाज के लोग आस्था रखते है। कमेटी के अध्यक्ष जाहिद मलिक, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने आमजन से दस दिवसीय मेले में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर आजम मलिक, तूबान मलिक, सिराजुद्दीन, गुड्डू कुरैशी, अब्दुल गनी, साबिर, सरताज खान आदि मौजूद थे। हजरत लौसारी बाबा की दरगाह में आयोजित दर्द दिवसीय उर्स में विभिन्न मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। मेले में झूले, सर्कस, दंगल आदि के अलावा कपड़ा बाजार, आर्टिफिशियल मार्केट, मिष्ठान आदि की दुकानें बड़े पैमाने पर लगाई गई है। उर्स के प्रारंभ होते ही दरगाह शरीफ में जायरीनों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

# कोतवाली पहुंची यूट्यूब सिंगर फरमानी नाज

## वीडियो एडिट कर अभद्र टिप्पणी करने वाले रूद्रपुर के युवक ने मांगी माफी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंडियन आइडल फेम और यूट्यूब सिंगर फरमानी नाज के वीडियो एडिट कर गालीगलौच कर इंस्टाग्राम में अपलोड करना एक युवक को भारी पड़ गया। फहमानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने माफी मांगने के साथ ही फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट डिलीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने उसे कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग का लेकर मुजफ्फरनगर के खतौली निवासी यूट्यूब सिंगर फरमानी नाज, संगीतकार राहुल कुमार के साथ



कोतवाली पहुंची थी। जहां फरमानी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा था कि रुद्रपुर के एक युवक ने इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बना रखी है। यह युवक उसके वीडियो को एडिट करता है और उसमें उनके लिए गालीगलौच व घटिया शब्दों का इस्तेमाल कर अपलोड करता है। कई बार कहने के बावजूद यह युवक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आरोपी उनकी छवि को सोशल मीडिया पर खराब कर रहा है। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खेड़ा निवासी अमन को रम्पुरा चौकी में बिठा दिया। युवक अपने पिता की हेयर ड्रेसर की दुकान में सहयोग करता है। पुलिस चौकी में पहुंचकर युवक के होश ठिकाने आ गए और उसने फरमानी से माफी मांगी। यही नहीं भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करने का भरोसा देते हुए माफीनामे का वीडियो जारी किया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने फरमानी के समक्ष गलती पर माफी मांगी और सोशल मीडिया में भविष्य में फरमानी या किसी अन्य के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही। फरमानी ने उसे माफ कर दिया और उसे कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# चार अवैध कॉलोनियों पर गरजी जेसीबी

रुद्रपुर। जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से अवैध कालोनियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीडीए ने राजस्व और पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए किच्छा और काशीपुर में चार अवैध कालोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान कॉलोनियों में बनी चार दुकानें और एक भवन को सील किया गया। डीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला की ओर से चार अनाधिकृत कालोनियों के ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए थे। बृहस्पतिवार को डीडीए की टीम ने किच्छा में बंडिया स्थित डिग्री कालेज के पास और ग्राम सोनेरा में दो अनाधिकृत कालोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी से सड़क, नाली सहित अन्य निर्माण ध्वस्त किए गए। काशीपुर में एसडीएम अभय प्रताप सिंह की अगुवाई में टीम ने सत्यम पैलेस के सामने टांडा रोड में एक और ग्राम कुंडा में गुरुद्वारे के सामने एक कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कॉलोनी में बनाए गए एक भवन और चार दुकान भी सील की गईं। डीडीए उपाध्यक्ष रूहेला ने कहा कि भविष्य में भी अनाधिकृत कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कॉलोनाइजरों और आम लोगों से मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद ही निर्माण करने की अपील की है।

# व्यापार मण्डल कार्यकारिणी का शीघ्र होगा विस्तार: संजय जुनेजा

## डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने व्यापार मण्डल पदाधिकारियों का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार होगा जिसमें नगर के युवा व्यापारियों और वरिष्ठ व्यापारियों का तालमेल रहेगा साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न करता है तो व्यापार मंडल पुरजोर तरीके से उस अधिकारी का पुरजोर तरीके से विरोध करेगा। गत रात्रि नगर के डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की एक बैठक में व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव का प्रथम बार बैठक में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र तनेजा व महामंत्री अमित आर्य ने कहा कि व्यापार



मंडल की नई टीम बहुत ही मजबूत बनी है जिससे रुद्रपुर के हजारों व्यापारियों का विश्वास है साथ ही उन्होंने संगठन की तरफ से भरोसा दिलाया कि डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन व्यापार मंडल के साथ पूर्व की भांति कंधे के कंधा मिलाकर सदैव खड़ी रहेगी। व्यापारियों के स्वागत कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि कोई भी अधिकारी किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न करेगा तो व्यापार मंडल चुप नहीं बैठेगा साथ ही यह भी कहा कि शीघ्र की नगर व्यापार मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा जिसमें नगर के उर्जावान युवाओं व वरिष्ठ व्यापारियों का तालमेल बनाकर एक मजबूत व्यापार मंडल का गठन किया जाएगा। बैठक में डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के पदाधिकारियो ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि कुछ अधिकारी व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुमित अरोरा,उपाध्यक्ष अंशु अग्रवाल,ओम छाबड़ा,अंश अग्रवाल, प्रेम अरोरा, जगदीश कुमार, गोविंद अग्रवाल, अजीत सिंह, आशीष बांगा ,अवतार सिंह, अमित आनंद, प्रवीण आहूजा, हरीश घई सहित व्यापारी उपस्थित थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी सारंगेश कुमार शर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शर्मा गली नं.8, सिंह कालोनी, रूद्रपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड का निवासी हूं। मैंने एक प्रापर्टी नरेश कुमारी पत्नी सुभाष छाबड़ा, रूद्रपुर से खरीदी थी, जिसका क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मी. का है, जिसकी पुरानी ओरिजनल रजिस्ट्री Sale Deed S.No. 1062 Dated 02.02.2001, Sale Deed No. 622 dated 15.04.1999, Power of Attorney dated 24.12.1993, Sale Deed S. No. 116 dated 30.01.1989 वास्तव में खो गई है। मेरे द्वारा यह सम्पत्ति श्रीमती रीना रानी पुत्री महेन्दर सिंह को बेची जा रही है। जिसका लोन ICICI Bank से हुआ है। यदि किसी को यह मूल रजिस्ट्री मिली है तो इसका उपयोग अवैध होगा। ये रजिस्ट्री ICICI Bank रूद्रपुर शाखा में जमा कर दी जाये।

सारंगेश कुमार शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा सिंह कालौनी, रूद्रपुर,जिला–उधम सिंह नगर।

# गौवंश संरक्षण कानून का सख्ती से हो पालन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति उत्तराखंड के सदस्य एनिमल एक्टिविस्ट प्रथम बिष्ट और हल्द्वानी के पशु प्रेमी दीपक जोशी ने राज्य उत्तराखंड सरकार गो सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अन्थवाल से मुलाकात कर निराश्रित छोड़े जा रहे गौ वंश के लिए सख्त कानून और गो वंश अधिनियम को धरातल पर उतराने को लेकर व्यापक चर्चा की। बता दें गौ सेवा आयोग उत्तराखण्ड ने प्रदेश में गौ संरक्षण अधिनियम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए है। सदस्यों ने कहा कि सभी नगर निकायों को पत्र भेजकर गौ सरंक्षण अधिनियम का पालन करवाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिम्मेदार अफसर और नगर निकाय इस मामले में उदासीन दिखते हैं। प्रथम बिष्ट ने कहा कि पशुपालकों और डेरी मालिकों द्वारा अपने गौवंश को सड़कों पर आवारा छोड़ दिया जा रहा है। जिससे बड़ी संख्या में गौवंश को सड़कों पर आवारा घूमते हुए देखा जा सकता है। इनमें छोटे नर बछड़ो की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि सड़क पर आवारा घूमने वाले गौवंश पर टैग भी लगे हुए हैं जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सकती है लेकिन सम्बन्धित नगर और नगरपालिका द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अफसरों को गौवंश अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये जाने चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने वाले डेयरी मालिकों और पशुपालकों खिलाफ भी सख्ती से गौवंश अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्रवाई की जाए।इस दौरान गो वंश के लिए कार्य कर रहे विभिन्न संगठन बसंती बिष्ट,अनुराग पुंडीर,दीपक जोशी,रुचि दत्ता,जितेंद्र बंदतवाल,जोगिंदर राणा, सेवक भी मौजूद थे



# मुख्य सूचना आयुक्त ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष गुरुवार को राजभवन में मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चंद्र पुनेठा ने आयोग के क्रियाकलापों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सूचना आयुक्त ने बताया कि जनवरी 2022 से मार्च 2024 तक आयोग द्वारा कुल 12,767 अपीलों की सुनवाईयां की गई तथा इनमें से 7,908 अपीलों को निस्तारित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयोग द्वारा एसएमएस व ईमेल के माध्यम से प्राप्त होने वाली अपीलों व शिकायतों का निस्तारण एनआईसी द्वारा तैयार किए गए पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है जिसका प्रबंधन आयोग द्वारा ही किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य लोक प्रशासन को पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और राजकीय अधिकारियों को उत्तरदायित्वपूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा तकनीक के प्रयोग से अधिक से अधिक सुविधा जनसामान्य को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम देश के नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि यह आयोग का कर्तव्य है कि सभी की शिकायतों एवं अपीलों का निस्तारण ससमयानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सुनवाई हेतु लंबित अपीलों की संख्या में गिरावट आई है जो कि सराहनीस है। उन्होंने कहा कि आयोग की विभिन्न गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को व्यापक रूप से सम्मिलित किए जाने से आम जनमानस को त्वरित लाभ मिलेगा।



# अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन रूद्रपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता कुलविन्दर सिंह पंवार के आकस्मिक निधन होने पर जिला न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला बार के सदस्यगण की एक शोक सभा न्यायालय जिला न्यायाधीश में आयोजित की गई। जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय कुलविन्दर सिंह पंवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वह दिवगंत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने अपने सम्बोध न में कहा कि बिन्दुखेडा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता कुलविन्दर सिंह पंवार काफी सरल स्वभाव के थे। उन्होने वर्ष 2003 से जिला न्यायालय में अपनी वकालत प्रारम्भ की। उनके निधन से अधिवक्ता समाज को काफी क्षति पहुंची है जिसकी भरपाई भविष्य में सम्भव नही है। शोक सभा में कार्यवाहक अध्यक्ष एमपी तिवारी, कार्यवाहक सचिव सुशीला मेहता, वर्तमान सचिव सर्वेश कुमार सिंह, शिव कुंवर सिंह, पावेल कठायत, नरेश रस्तोगी, खड़ग सिंह, कमल ताड़वाल, कमल चिलाना, नवीन ठुकराल, अखलाक अहमद, सीपी जोशी, सतपाल कालड़ा, अमित छावड़ा, अखिलेश कुशवाह, ध र्मेन्द्र सिंह, विजय कुमार, महेश बब्बर एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण मौजूद थे।

# लोहे का गेट गिरने से मासूम बच्ची मौत

बाजपुर। काशीपुर में चल रहे चौती मेला देखकर नानी के घर आई मासूम बच्ची की लोहे का गेट गिरने से मौत हो गई। मोहल्ले में दर्दनाक हादसा देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। परिजन मासूम बच्ची के शव को अपने गांव ले गए। बुधवार को यूपी के गांव जोधावाला, रामपुर निवासी प्रीति अपने पति राकेश और बच्चों के साथ काशीपुर चौती मेला देखने गई थी। बाद में बच्चों की जिद के चलते प्रीति अपने पिता बाजपुर के मोहल्ला राजीवनगर निवासी कुंवरपाल के घर अपने मायके आ गई थी। इस दौरान रात करीब साढ़े दस बजे प्रीति की सात वर्षीय बेटी आयशा मकान का गेट खोल रही थी तभी गेट अचानक गिर गया और सात वर्षीय बच्ची गेट के नीचे दब गई जबकि अन्य बच्चे बाल- बाल बच गए। बच्चों की चीक पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़ कर बाहर आए। लोगों ने गेट हटाकर बच्ची को बाहर निकाला। परिवार के लोग आनन फानन में अचेत अवस्था में बच्ची को बाजपुर के रामपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। बाद में परिवार के लोग मासूम बच्ची का शव अपने गांव जोधाबाला ले गए। इधर बच्ची की दर्दनाक मौत होने से उत्तराखंड में नानी और यूपी में दादी के घर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, नि:सन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# राहुल बनकर प्रेमजाल में फंसाने वाला अफजल गिरफ्तार

सितारगंज। नाम बदल कर युवती को झांसे में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने आरोपी के परिजनों पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। बुधवार को पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि चार वर्ष पहले एक टाइपिंग सेंटर में टाइपिंग सीखने के दौरान उसकी मुलाकात वार्ड नंबर दो निवासी अफजल पुत्र अबरार से हुई। तब उसने अपना नाम राहुल बताया और धीरे-धीरे उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि उस समय वह नाबालिग थी। 27 दिसंबर 2023 को आरोपी के बुलाने पर जब वह उसके घर गई तो उसे पता चला कि उसका नाम राहुल नहीं अफजल है। इस दौरान आरोपी के भाई और माता-पिता ने उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया। युवती के इन्कार करने पर उसकी आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी के माता-पिता और भाई ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और पॉस्को की ध ाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। बृहस्पतिवार को अफजल को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर मामला संज्ञान में आने के बाद युवती के साथ कोतवाली पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# अपने-अपने क्षेत्रों की नाले-नालीयों की साफ-सफाई कर जलभराव की समस्या से निजात दिलायें : डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में दैवीय आपदा (बाढ) को लेकर बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बरसात से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उसके लिए किये गये सुरक्षात्मक कार्यो का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध मे सभी उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे पुलिस अधिकारियो, सिंचाई, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम की बैठक शीघ्र आयोजित कर ले। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम अपने-अपने क्षेत्रो की नाले-नालीयों आदि की साफ-सफाई के साथ ही दवाइयों का छिड़काव 31 मई से पूर्व कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रो मे जलभराव होता है, उन्हें चिन्हित कर जलभराव से निजात दिलाने हेतु कार्य प्रारम्भ किये जाए। उन्होने कहा कि तहसील क्षेत्र मे अन्तर्गत स्थापित किये जाने वाले कंट्रोल रूमों को समय पर संचालित करने हेतु व्यवस्था कि जाए साथ ही बाढ चौकियो मे सभी आवश्यक सामान व उपकरण की पूर्ति अभी से करा ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ के समय लोगो को आश्रय देने हेतु जिन विद्यालयो, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन आदि का चिन्हिकरण किया जाये, उनमें मूलभूत सुविधाएं अवश्य होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पूर्ति अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के सीजन को देखते हुए गैस व कैरोसीन का पर्याप्त स्टाक रखा जाना सुनिश्चित करें व साथ ही खाद्य पूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो। उन्होने लोनिवि विभाग के अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा बाढ से निपटने के लिए अभी से ट्रैक्टर ट्राली, क्रेन आदि उपकरणों की व्यवस्था करें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए का बाढ सम्भावित क्षेत्रो मे पर्याप्त मात्रा मे औषधी का भण्डारण किया जाए व बाढ़ पश्चात होने वाली बीमारियों के लिए टीमों को तैयार रखें। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ बाहुल्य क्षेत्रो हेतु उनके द्वारा अभी से एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत किये जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वन भूमि हस्तांतरण, सीएम हेल्पलाइन, सीएम घोषणा, जिला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित विकास योजना, स्वास्थ्य विभाग आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यू0सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसएसबी एनडीआरएफ, साहित जनपद के सभी उपजिलाधिकारी, ईओ नगर पालिका, नगर पंचायत, उपनगर आयुक्त ,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# महिपाल व राहुल रहे विद्यालय के संयुक्त टॉपर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में ट्रांजिट कैम्प स्थित मां शारदा देवी विद्या मंदिर हाई स्कूल के दो छात्र महिपाल सिंह व राहुल गिरी विद्यालय में संयुक्त रूप से टॉपर रहे। विद्यालय के सचिव इन्द्रजीत पाल व प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ मंडल ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षाफल में महिपाल सिंह व राहुल गिरी ने समान रूप से 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि महिपाल के हिंदी में 97, गणित में 92, अंग्रेजी में 97, विज्ञान में 84, सामाजिक विज्ञान में 83 व संस्कृत में 80 अंक रहे जबकि राहुल गिरी ने हिंदी में 96, गणित में 88, अंग्रेजी में 88, विज्ञान में 93, सामाजिक विज्ञान में 88 व संस्कृत में 86 अंक हासिल किये। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विद्यालय के हर्ष चौधरी ने 83.8 प्रतिशत, मनीष कुमार ने 80.8, सविता ने 78.6, अमृता महतो ने 75.2, अनीता ने 74.4, अशनिका ने 72 व हिमांशु कुमार ने 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। परीक्षाफल में विद्यालय कें 15 विद्यार्थी प्रथम, 16 द्वितीय व 2 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रधानाचार्य रविन्द्रनाथ मंडल, सचिव इन्द्रजीत पाल, प्रबंधक शंकर डे, उप प्रधानाचार्य सौरभ पाल, कक्षाध्यापिका वंदना पाटीदार, चन्द्रावती मंडल सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए सबके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# कारसेवा बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में फरार शूटर सर्वजीत एक माह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

## एक शूटर को ढेर करने के बाद हत्याकांड पर पुलिस की जांच भी पड़ी धीमी

**-अनिल सागर-**

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या के एक माह बाद भी एक लाख का ईनामी दूसरा शूटर पुलिस की गिरफ्त नही चढ़ा है। वही पुलिस ने एक शूटर के रूड़की में मुठभेड़ में ढेर होने के बाद जांच की गति भी धीमी कर दी है। ऐसे में दूसरे ईनामी शूटर के साथ बाबा की हत्या की साजिश रचने वाले चेहरे भी बेनकाब नही हो रहें है। ईनामी शूटर सर्वजीत के नेपाल भागे जाने की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है की कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को तड़के कारसेवा परिसर में ही दो बाईक सवार शूटर ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। कारसेवा बाबा की हत्या के बाद तराई से लेकर युपी पंजाब तक हड़कम्प मच गया था। डेरे के वर्चस्व को लेकर हत्या कराने की कढ़ी पुलिस लगातार जोड़ कर चल रही थी। हत्या वाले दिन भी दोनों शूटर पुलिस ने चिन्हित कर उनकी पहचान अमरजीत सिंह व सर्वजीत सिंह के रूप में की थी। कारसेवा बाबा की हत्या में शूटर की मदद करने के आरोप में पुलिस ऊधम सिंह नगर समेंत शहजहांपुर से आधा दर्जने से अधिक लोगों को जेल भेजा था। जबकि मुख्य शूटर अमरजीत सिंह को कुछ दिन बाद हरिद्वार पुलिस ने एसटीएफ की मदद से मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। इस दौरान मौके से सर्वजीत सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। कारसेवा बाबा की हत्या के एक माह बाद भी शूटर सर्वजीत पुलिस के हत्थे नही चढ़ा है। या माने की पुलिस अमरजीत के ढेर होने के बाद शांत होकर बैंठ गई है। लोकसभा चुनाव दो सप्ताह बीत गए है, पहले लोकसभा चुनाव की व्यस्तता बता रही थी, लेकिन सर्वजीत को पकड़ने में पुलिस अभी नाकाम साबित हो रही है। गौरतलब है कि ऊधमसिंहनगर जनपद के इस हाई प्रोफाईल हत्याकांड को लेकर सिख समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों और पदाधिकारियों पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। हत्याकांड में सम्पत्ति और वर्चस्व को लेकर भी पुलिस ने संदेह व्यक्त किया है जबकि कुछ वर्ग के लोग पुलिस की जांच को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं।

### कहीं भेष बदलकर पुलिस को चकमा तो नही दे रहा सर्वजीत?

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा का मुख्य शूटर जब पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया तब अमरजीत सिंह ने अपना भेष बदल रखा था , अगर सर्वजीत ने पुलिस से बचने के लिए अपना भेष बदला तो सर्वजीत को पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनोती साबित होगा। हालांकि पुलिस को पूरी आशंका है कि सर्वजीत सिंह ने भी अपना भेष बदल लिया होगा।



# सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेज के छात्रों ने अंग्रेजी में तोड़ा रिकॉर्ड

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस से उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की कक्षाएं हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की रिजल्ट प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा है। अमन ठाकुर ने 100 में 93 अंक (प्रथम इंग्लिश टॉपर) एवं अनुराग मंडल ने 100 में से 91अंक प्राप्त कर (द्वितीय इंग्लिश टॉपर) अंग्रेजी विषय में कीर्तिमान रचा।इसके अतिरिक्त राजीव मंडल ने 83 अंक, शेखर दास ने 80 अंक, सागर सरदार 77 अंक, वितिका वाला एवं हीरा मंडल ने 75 अंक! इससे पूर्व बैच 2018 में अंकित सरकार ने 98 अंक, बैच 2017 में मीना विश्वास ने 94 अंक, बैच 2022 में पलास साना ने 95 अंक, बैच 2023 में चंदन राय 94 अंक व सौरभ बिस्वास ने 93 अंक आदि छात्रों ने रिकॉर्ड तोड़ा! छात्रों की इस बेहतर उपलब्धि पर उनके परिवार जनों में खुशी की लहर है, अध्यापक सुजीत मंडल (क्षेत्र के एकमात्र अंग्रेजी विषय से क्वालिफाइड शिक्षक) ने सभी छात्रों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की! वर्तमान समय हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की कक्षाए संचालित है कक्षा 11 की अंग्रेजी कक्षाएं जल्द ही शुरू होने जा रही है।



# आपदा प्रबंधन के लिए सभी विभागों के बीच उचित समन्वय और तालमेल जरूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिवालय स्थित आपदा कंट्रोल रूम से मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलों की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। चारधाम यात्रा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो, यही हमारी प्राथमिकता रहनी चाहिए। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा तथा एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने भी सचिवालय परिसर स्थित कंट्रोल रूम से मॉक ड्रिल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी जिलों से उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों के लिए उपकरणों की उपलब्धता, रिसोर्स मैनेजमेंट, स्वास्थ्य, सेना, पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ तथा पैरामेडिकल टीमों की तैनाती तथा आपदा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हास्पिटलों में आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। सचिव डॉ. सिन्हा ने कहा कि चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन में सभी विभागों के बीच उचित समन्वय और तालमेल होना बहुत जरूरी है। उन्होंने मॉक ड्रिल को लेकर विभिन्न जिलों की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया और जहां कुछ कमियां मिलीं, उन्हें यात्रा शुरू होने से पहले दूर करने के निर्देश दिए। सचिव आपदा प्रबंधन ने राजपुर रोड स्थित जीजीआईसी में भूकंप की मॉक ड्रिल का निरीक्षण कर स्कूल प्रबंधन और राहत और बचाव टीमों को जरूरी निर्देश दिए। मेजर जनरल सुधीर बहल ने भी स्कूल की प्रधानाचार्या से भूकंप के समय बच्चों की सुरक्षित निकासी के प्लान को लेकर जानकारी ली। इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) यूएसडीएमए श्री आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (परिचालन) यूएसडीएमए डीआईजी श्री राजकुमार नेगी, अपर सचिव आपदा प्रबंधन महावीर सिंह चौहान, संयुक्त सचिव विक्रम सिंह यादव, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, अधिशासी निदेशक यूएसडीएमए डॉ. पीयूष रौतेला उपस्थित रहे।





# होटलों और ढाबों में सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों की नियमित जांच होगी

देहरादून(उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ.आर राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा को सुरक्षित एवं शुद्ध भोजन के लिए होटल संचालकों और दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होटलों-ढाबों में सफाई और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच होगी। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिव ने सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर विक्रय हो रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य कारोबारी प्रतिष्ठान पर नियमानुसार निर्धारित फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड प्रर्दशित करेगा। डॉ.आर राजेश कुमार ने बताया कि राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषण शाला रूद्रपुर को चारधाम यात्रा से संकलित किये गये नमूनों की जांच प्राथमिकता से करने का आदेश दिया है। प्रत्येक सप्ताह नमूनों की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जायेगी। जिसके बाद दोषी पाये जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए गढ़वाल मण्डल के उपायुक्त आर.एस रावत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी चारधाम यात्रा में प्रतिदिन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के कार्यों का पर्यवेक्षण कर मुख्यालय को अवगत करायेंगे। डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में स्वच्छता संबंधी मानकों के पालन के लिए नियमित निरीक्षण और सैंपलिंग के आदेश दिए गये हैं। आधिकारी और नोडल अधिकारी इस संबंध में रिपोर्ट समय समय पर उपलब्ध कराएंगे।



# प्रवेशोत्सव पर बच्चे हुए सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत तथा अनेकों मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता रहे। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि पूरे उत्तराखंड में सभी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ रही है। विद्यालय में नव प्रवेशी बच्चों तथा अभिभावकों का माल्यार्पण अभिनंदन कर मिष्ठान वितरण किया गया। सभी बच्चो को किताबे भी वितरित की गईं। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में 127 नवीन नामांकन हुए हैं, अभी और भी ऐसे बच्चो को चिह्नित किया जा रहा है जो अभी तक स्कूल नही गए हैं, उन्हे भी शीघ्र स्कूल में लाकर प्रवेश दिया जाएगा जिससे शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहेगा। दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने बच्चो तथा अभिभावकों को शुभ कामना देते हुए उन्हें नियमित स्कूल आने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी है। बच्चो को सभी प्रकार की सुविधाएं भी मिल रही हैं। प्रवेश उत्सव अवसर पर सभी बच्चो तथा अभिभावकों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। यहां मनोज गुप्ता, सभी शिक्षक, अभिभावक तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# जंगल में आग लगाने वालों पर होगा मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वनाग्नि घटनाओं को रोकने हेतु वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जनपद में सक्रियता के साथ वनाग्नि को रोकने का कार्य किया जा रहा है। वन संरक्षक डा. विनय भार्गव ने कहा कि जंगल में आग लगाने वाले अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराध दर्ज कर दण्डित किया जाएगा। डा0 विनय भार्गव पश्चिमी वृत्त ने बताया तराई पूर्वी किशनपुर रेंज में वनाग्नि पाई गई जिस पर 12 कार्मिकों द्वारा घटना पर पहुचकर आग पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। इसके साथ ही रामनगर वन प्रभाग फतेहपुर रेंज में मोटर मार्ग से 2 किमी की पैदल दूरी 14 कार्मिकों द्वारा आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया जिस क्षेत्र मे आग लगी थी वह क्षेत्र अत्यंत ढंगारी व तीव्र ढलान होने के कारण टीम को काफी कठिनाई का सामना करना पडा। वन संरक्षक श्री भार्गव ने बताया हल्द्वानी वन प्रभाग में डाण्डा रेंज में 8 किमी की पैदल दूरी पर 31 कार्मिकों द्वारा आग पर काबू पाया। डाण्डा रेंज में आग के कारण 1.35 हैक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि नैनीताल वन प्रभाग भवाली रेंज में अत्यन्त चट्टानी, ढालदार पहाडी क्षेत्र होने के कारण वनाग्नि नियंत्रण में काफी कठिनाई आ रही है। मौके पर टीम द्वारा अग्नि नियंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र ही आग पर नियंत्रण पा लिया जायेगा। उन्होने स्थानीय जनता से अपील की कि वन क्षेत्र में कोई भी अग्नि दुर्घटना होने पर विभागीय टोल फ्री नम्बर 18001804141, आपदा कन्ट्रोल रूम 05942-231179, पश्चिमी वृत्त 05946-220003 एवं दक्षिणी वृत्त 05946;235452 पर सूचना दे सकते हैं।



# थाईलैंड में उत्तराखंड के खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।4 से 9 मई 2024 को आबू धाबी, (यूएई) में आयोजित होने जा रही यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप 2024 में उत्तराखंड राज्य के चार खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। रूद्रपुर के जय लोहनी, हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती, रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अश्मित मुंगरा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। प्रतिभाग करने जा रहे रुद्रपुर शहर के जय लोहनी को जनपद ऊधम सिंह नगर की क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, एशियन खिलाड़ी कमल सिंह, कृष्ण साना, महासचिव ऋषि पाल भारती द्वारा संयुक्त रूप से मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि सभी खिलाड़ी रवाना हो गए है। जू-जित्सु एशियन यूनियन एवं जू-जित्सु इंटरनेशनल फेडरेशन के तत्वावधान में 4 से 9 मई 2024 को आबू धाबी, (यूएई) में यूथ एशियन जू-जित्सु चौंपियनशिप अयोजित हो रही है। जिसमें एशिया से 24 देशों के 683 जु-जित्सू खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के ने-वाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डू ओ शो इवेंट्स में प्रतिभाग करेंगे। एवं भारतीय जु-जित्सू टीम में शामिल 27 खिलाड़ी भारतीय जु-जित्सू टीम के हेड कोच अमित अरोरा, एमआर शाहिद, शेट्टी बालकृष्ण के नेतृत्व में दिल्ली एयरपोर्ट से आबू धाबी के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता में जनपद ऊधम सिंह नगर के जय लोहनी अंडर 18 (-48 किग्रा) की नेवाजा व जु-जित्सू फाइटिंग, नैनीताल की रिद्धिमा नेगी अंडर 18 (-44 किग्रा) की नेवाजा व जु-जित्सू फाइटिंग व युवराज सिंह खाती 18 (- 48 किग्रा) की नेवाजा व जु-जित्सू फाइटिंग एवं देहरादून के अश्मित मुंगरा 18 (-85 किग्रा) की नेवाजा व जु-जित्सू फाइटिंग स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। इस अवसर पर जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा श्रीमती रसिका सिद्दीकी, महासचिव विनय जोशी, सतीश जोशी, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिगा, हिमा भट्ट, केनेथ लाल, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डी.के सिंह, विजेंद्र चौधरी, गिरीश कुमार, देवेंद्र सिंह रावत, विनोद लखेरा, विजय गिरधर, शंकर सिंह बसेरा, राजीव राणा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, डॉ. कमला भारद्वाज, रूनू शर्मा, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, , विक्रम भंडारी, सतनाम चावला, रघु रावत, गंगा मेहरा, प्रेम मौर्य, रघुवीर सिंह विर्क , सुरेश बिष्ट, कैलाश कुमार, मनोज सिंह, राजेंद्र कुमार, नीतिश कुमार, शिवानी, क्षितिज सिंह, कंचन रानी, तनु, अंकित सिंह चंदेल सहित अनेको अभिभावकों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।



# इंटरमीडिएट के छात्र आदित्य और आदर्श कुमार ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उतराखंड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज कल्याणी व्यू रुद्रपुर के 12वीं के छात्र आदित्य तिवारी ने प्रदेश वरियता सूची (मेरिट) में 21 वाँ स्थान एवं आदर्श कुमार ने 22 वाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं के 75 छात्र-छात्राओं ने ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एवं हाईस्कूल के 71 छात्र- छात्राओं ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम इण्टरमीडिएट में 96.7 प्रतिशत एवं हाईस्कूल में शत प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के अध्यक्ष सुनील खेड़ा, प्रबन्धक अनिल कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# शिशु भारती इण्टर कॉलेज का बोर्ड परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शिशु भारती इण्टर कॉलेज में कक्षा 10 वीं व 12वीं के बच्चों का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। बच्चों ने कठिन परिश्रम कर हिन्दी, अंग्रेजी, सा० अध्ययन, संस्कृत, गणित, लेखाशास्त्र, रसायन विज्ञान अर्थशास्त्र में 100 प्रतिशत तथा व्या.अध्ययन, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान में 92 तक अंक हासिल किये। विद्यालय का 12वी का 96.44 प्रतिशत व हाईस्कूल का 97.33 प्रतिशत सर्वाधिक प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में शीतल, महेन्द्र सिंह, कृष्णा चतुर्वेदी रितिका सिंह, सूरज सिंह गरिया, पंकज सिंह, पल्लवी गंगवार, तथा इन्टर में तैय्यब्बा, ललित सिंह, विधान दत्ता को विद्यालय की प्रबन्धिका डा. दीपशिखा मदन प्रधानाचार्य सुमित दास, भावना सिंह, विनोद उपाध्याय मनोज सिंह, पारुल राणा, जसविन्दर कौर, अन्नु चौधरी ज्योति कालड़ा आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना।

# मतदाता सूची में सुधार के लिए आयोजित होंगे शिविर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.नि.) उदयराज सिंह ने नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद एवं नगर निगम की मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नाम न होने तथा त्रुटियों का सुधार किये जाने हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश जनपद के समस्त निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी को दिये है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.नि.) ने कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर निगमों के प्रत्येक वार्ड में 07 दिनों के लिये विशेष शिविर का आयोजन करते हुए प्रस्तर-4 एवं प्रस्तर-5 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार आवेदकों से प्रपत्र-1-क,ख,ग एवं घ जो भी लागू हो पर आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए कार्यवाही पूर्ण कर प्रारूप-6 में संस्तुति सहित शिविर समाप्ति के 02 दिन के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# विभिन्न वार्डों में लगाये जायेंगे केवाईसी के कैंप

गदरपुर(उद संवाददाता)। उद्योग व्यापार मंडल द्वारा गदरपुर गैस एजेंसी में पहुंचकर गैस उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत करते हुए ज्ञापन दिया, गदरपुर व्यापार मंडल द्वारा गैस एजेंसी पर पहुंचकर गदरपुर के गैस उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी के नाम पर हो रही दिक्कतों को दूर करने की प्रबंधक से बात की जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी समस्त वार्डों में एक-एक करके केवाईसी के कैंप लगाए जाएंगे साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी कैंप लगाकर समस्या का समाधान किया जाएगा और साथ ही जो सीनियर सिटीजन है जो नहीं आ सकते उनके घर जाकर उनकी केवाईसी पूरी की जा सके इससे उपभोक्ताओं को बहुत हद तक राहत मिल सकेगी इस दौरान पूर्व सभासद विजय गागनेजा,सुभाष खुराना,मुकेश भुसरी आदि उपस्थित थे।

# संगत के अनुरोध पर हरबंस चुघ ने इस्तीफा लिया वापस

गदरपुर/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, गदरपुर में आयोजित सभा में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, नानकमत्ता साहिब के 15 सदस्यों सहित शाहजहांपुर, पूरनपुर, सितारगंज, रुद्रपुर, किच्छा, गदरपुर, रामपुर, बिलासपुर, काशीपुर, बाजपुर, स्वार, नवाबगंज से सैकड़ों की संगत ने प्रतिभाग किया। सभा में संगत ने बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड केस में सिख समाज के मुखिया लोगों को फंसाने की निंदा की। विशेषकर गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ के इस्तीफे को लेकर संगत एकत्र हुई थी। संगत ने इस विषय में अपने-अपने विचार प्रकट किये। अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ के इस्तीफे के बाद गुरुद्वारा उपाध्यक्ष श्रीमती कमलेश कौर ने कहा नानकमत्ता साहिब में बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण है। इसलिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बारे में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से मत लेने के लिए उन्हें एफिडेविट या लिखित रूप में अपना वोट करने के लिए कहा था और इसके लिए 27 अप्रैल 2024 को पत्र भी जारी किया था किंतु स्थिति उस समय असमंजस की बन गई जब उसके अगले ही दिन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह भोपा राय द्वारा सभी कमेटी सदस्यों की एक बैठक गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में आमंत्रित कर ली गई जिसमें उन्होंने अपने पत्र को जारी करते हुए लिखा कि गुरुद्वारे के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ के इस्तीफे पर विचार करना है। इसको लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुछ सदस्यों द्वारा उधम सिंह नगर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ईमेल के द्वारा एक पत्र भेज कर इस बैठक को रोकने के लिए कहा गया और उन डायरेक्टर ने यह भी बताया है कि बिना अध्यक्ष या उपाध्यक्ष की सहमति के जनरल सेक्रेटरी प्रबंधक कमेटी की मीटिंग को नहीं बुला सकते क्योंकि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब के बाइलाज के अनुसार किसी भी मीटिंग की अध्यक्षता प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष या प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष ही कर सकता है किंतु अमरजीत सिंह भोपा राय द्वारा कमेटी की बैठक को आमंत्रित करने के लिए प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष से कोई भी विचार विमर्श नहीं किया गया। संगत ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ से कहा कि संगत ने आपको गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार के रूप में 5 साल के लिए चुना है इसलिए आप अपना त्यागपत्र वापस लें और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 15 डायरेक्टरों के एफिडेविट के साथ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर ने सरदार हरबंस सिंह चुघ से अनुरोध किया कि वह अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं देते हुए अपने कार्यकाल को पूरा करें। संगत ने प्रधान हरबंस सिंह चुघ का जोरदार समर्थन किया और कहा कि वह हर समय हर हालत में किसी भी हद तक प्रधान हरबंस सिंह चुघ के साथ खड़े हैं और उनको किसी भी कीमत पर अध्यक्ष पद से हटने नहीं देने दिया जाएगा। इसके साथ ही संगत ने गुरुद्वारे की स्टेज से सरकार को एक संदेश दिया कि इस केस में किसी भी निर्दोष को ना फंसाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि डेरा कार सेवा नानकमत्ता से संबंधित कुछ सेवादार और उनसे जुड़े हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुछ डायरेक्टर और नानकमत्ता साहिब क्षेत्र के कुछ छुटभैया नेता गुरुद्वारा साहिब के माहौल को खराब करके यहां पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को कामयाब नहीं होने देना चाहते पर आठ जिलों की संगत ऐसे लोगों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। सभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बहुत कई डायरेक्टर भी मौजूद थे, जिन्होंने सारी संगत को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 15 सदस्यों के एफिडेविट दिखाए और बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का बहुमत आपके इस्तीफे को नामंजूर करते हुए अपने एफिडेविट पहले ही उपाध्यक्ष/पीठासीन अधिकारी को सौंप चुके हैं। उन्होंने कहा गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में आपको बताना चाहते हैं कि हम आपके त्याग पत्र देने से दुखी हैं। आप अपना त्याग पत्र वापिस लें। इसके अलावा उपस्थित सैकड़ों की संगत ने अपने हाथ खड़े करके गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष को अपने पद पर बने रहने के लिए विनती की और संगत ने आदेश भी किया। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद से दिए गए त्याग पत्र को वापस लेने के लिए बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से आह्वान किया गया। सारी संगत के अनुरोध पर हरबंस सिंह चुघ संगत की आज्ञा को मानते हुए अपना इस्तीफा वापिस लेने के लिए सहमति दी। संगत ने सरकार से भी अनुरोध किया कि ऐसे चंद मुट्ठी भर लोगों को नजर अंदाज करते हुए सिख संगत की भावनाओं के अनुसार काम किया जाए और गुरद्वारों में किसी प्रकार से संगत के अलावा किसी और का हस्तक्षेप न हो। संगत में सलविंदर सिंह कलसी, दलजीत सिंह, रणजीत सिंह, जगजीत सिंह भुल्लर, हरी सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, सतनाम सिंह, मलकीत सिंह बाजवा, परमजीत सिंह, सूरत सिंह, दर्शन सिंह, अमनदीप सिंह, प्रताप सिंह, बलजीत सिंह, गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्य कमलेश कौर, वजींदर सिंह, प्रतपाल सिंह, जसबीर सिंह, निर्मल सिंह, पलविंदर सिंह, चरनजीत सिंह, गुरसेवक सिंह, सुखदेव सिंह, भूपेंदर सिंह, गुरमीत सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरमुख सिंह और इनके अलावा गुरबाज सिंह, और कुलदीप सिंह पन्नू ने भी अपना एफिडेविट दिया।





# कड़ी मेहनत से ही मिलता है सफलता का मुकाम: डीएम

## जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण जनपद के 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों एवं अभिभावकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि यदि वे कैरियर को लेकर अभी से मेहनत करेंगे तो निश्चित ही जनपद एवं प्रदेश का नाम तो रोशन होगा ही साथ ही उनके परिवार और समाज का भी विकास होगा। जिससे उनके पास समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर भी होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं को लेकर उनसे बात की व अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार के बच्चों को परिश्रम से ही सफलता मिलती है इसलिए और अधिक परिश्रम कर अपनी मंजिल को हासिल करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों तथा प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि वे छात्रों के कैरियर के लिए आगे भी मार्गदर्शन करेंगे ताकि ये बच्चे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त कर सके और जनपद, राज्य एवं देश के विकास के लिए कार्य कर सके।जिलाधिकारी ने इस वर्ष जनपद को प्रदेश में 5वीं रैंक आने पर शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों, प्रधानाचार्यों ,अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने व बेहतर प्रदर्शन के लिए जहाँ प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता होगी वहाँ सभी संसाधनों से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग व प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये कि नये पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करायें और आगे भी बच्चों को और बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में बेहतर शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।मुख्य विकास अधिकरी मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और आगे पढ़ाई के विषय में चर्चा की तथा भविष्य के लक्ष्य के बारे में भी उनसे जानकारी ली साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को अध्ययन के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके निवारण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के लिए भी आश्वस्त किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अध्ययन से इतर अन्यगतिविधियों जैसे खेल-कूद, योग आदि में भी रूचि लेने के लिए कहा ताकि मानसिक के साथ शारीरिक स्वस्थता भी बनी रहे। उन्होंने निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपनी पढ़ाने की कार्यशैली व कार्ययोजना शिक्षा विभाग से सांझा करने के लिए भी कहा ताकि उनका अध्ययन व क्रियान्वित कर जनपद के प्रदर्शन को और बेहतर किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत सहित छात्र- छात्राएं , अध्यापक एवं अभिभावक मौजूद थे।





# गदरपुर तहसील को परगना बनाए जाने की कवायद शुरू

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर तहसील को परगना बनाए जाने की कसरत तेज हो गई है। मुख्य सचिव के निर्देश पर डीएम ने राजस्व परिषद को परगना संबंधी प्रस्ताव भेज दिया है। स्थानीय लोग काफी समय से परगना बनाने की मांग कर रहे हैं। अब तक गदरपुर तहसील का जिम्मा बाजपुर के एसडीएम के पास रहता था। इसके चलते लोगों को कई बार आवश्यक कार्य कराने के लिए के बाजपुर जाना पड़ता था। लोगों की पद मांग को देखते हुए जिला प्रशासन ने गदरपुर तहसील को रुद्रपुर एसडीएम के अधीन कर दिया था लेकिन रुद्रपुर एसडीएम भी गदरपुर में कम समय दे पाते थे। बीते साल 23 मई को कांग्रेस नेता राजेंद्रपाल सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन कर शासनसे पूर्णकालिक एसडीएम की तैनाती के साथ ही परगना बनाने की मांग की थी। 18 अगस्त को गदरपुर में डिप्टी कलक्टर गौरव पांडेय की तैनाती की गई। राजेंद्रपाल ने बताया कि गदरपुर तहसील को परगना बनाने को लेकर जनता लंबे समय से मांग कर रही है। वर्तमान में तैनात एसडीएम के पास डीपीआरओ, ओसी का भी चार्ज है। परगना बनाने के लिए कार्यवाही होना जनता के लिए खुशी की बात है। इधर डीएम उदयराज सिंह ने बताया कि गदरपुर तहसील को परगना बनाने के लिए राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव को प्रस्ताव भेजा गया है। राजस्व परिषद से ही इस संबंध में आगे की कार्रवाई होगी।



# ऑपरेशन स्माइल के सकारात्मक परिणाम हासिल करें: एसपी सिटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।एसपी सिटी ने ऑपरेशन इस्माइल टीमों के साथ बैठक कर उन्हें सकारात्मक परिणाम हासिल करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पुलिस द्वारा राज्य में गुमशुदाओं की तलाश एवम् पुनर्वास के लिए एक मई से पुन: 02 माह हेतु 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रहलाद नारायण मीणा, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षकन के निर्देशन में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी (नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल) के पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गुमशुदाओं की तलाश एवं पुनर्वास के लिए जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम समेत 4 टीमें जिसमे 1 उपनिरीक्षक तथा 4 आरक्षी शामिल हैं गठित की गई हैं। अभियान में सार्थक परिणाम हासिल करने के लिए एसपी सिटी द्वारा अपने कार्यालय में ऑपरेशन स्माइल टीमों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार गुमशुदाओं का डाटा तैयार करें, सत्यापन की कार्यवाही कर संभावित स्थानों, राज्यों में तलाश करें। टीमों से अन्य स्टेकहोल्डर विभागों, एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।



# अवैध कालोनियों के खिलाफ प्राधिकरण ने की कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अभिषेक रूहेला द्वारा अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध नियमानुसार दिये गये ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन मे गुरुवार को किच्छा एवं काशीपुर में विभिन्न जगहों पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं प्राधिकरण की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। तहसील किच्छा में ग्राम बण्डिया डिग्री कालेज के समीप हल्द्वानी बाईपास रोड एवं ग्राम सोनेरा में 02 अनाधिकृत कालोनियों एवं तहसील काशीपुर में ग्राम खड़कपुर देवीपुरा, सत्यम पैलेस के सामने, टांडा रोड में 01 कॉलोनी एवं ग्राम कुण्डा, गुरूद्वारे के सामने, में 01 कालोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की गई। साथ ही इन कालोनी अन्तर्गत निर्मित 04 दुकान व 01 भवन को सील किये जाने की भी कार्यवाही सम्पन्न की गयी। किच्छा अन्तर्गत तहसीलदार किच्छा, की उपस्थिति में राजस्व विभाग की टीम, पुलिस बल एवं प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ कार्यवाही सम्पन्न की गई। काशीपुर में संयुक्त सचिव/उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम एवं प्राधिकरण टीम द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में कार्यवाही सम्पन्न की गई। उपाध्यक्ष, श्री रूहेला द्वारा अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही गतिमान रहने हेतु अवगत कराया गया एवं आमजन/ कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन से यह भी अनुरोध किया जाता है कि भूखण्ड को क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त कालोनी का विधिवत मानचित्र प्राधिकरण से विकासकर्ता/विक्रेता द्वारा स्वीकृत करवाया गया हो, ताकि वे भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचे रहें।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सेल्फी का खौफनाक शौक

अपनी दिलचस्पी या फिर खुशी के लिए कुछ अलग करने का शौक सामान्य तौर पर सकारात्मक माना जाता है। मगर इस तरह के शौक में कोई अपना विवेक या सूझ–बूझ की क्षमता ही खो दे, तो यह न सिर्फ एक बेमानी चलन की भेड़चाल में शामिल होना है, बल्कि जानलेवा जोखिम को न्योता देना भी है। जब से स्मार्टफोन के साथ हर हाथ में कैमरा पहुंचा है, तब से काफी लोगों के भीतर एक विचित्र–सी मनोदशा का विकास होता देखा जा सकता है, जिसमें वे मौके–बेमौके बिना किसी मायने के अपनी तस्वीरें उतारते रहते हैं। इसका विस्तार सोशल मीडिया पर खुद को अभिव्यक्त करने के रूप में हुआ और हर वक्त अपनी तस्वीर या फिर वीडियो बना कर प्रसारित कर देना मानो किसी जरूरी काम की तरह देखा जाने लगा। विडंबना यह है कि इस शौक ने विवेक को जिस बुरी तरह प्रभावित किया, उसका खमियाजा केवल आपसी व्यवहारों के स्तर पर नहीं उठाना पड़ा, बल्कि इस वजह से मौत की घटनाएं भी बढ़ती गई हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि सोशल मीडिया पर रील के आकर्षण में वीडियो बनाने की कोशिश में हादसे का शिकार होकर किसी युवा की जान चली गई। बिना किसी कारण के होने वाली मौतें हैं, जिनके पीछे महज विवेकशून्य होकर अपने किसी शौक को पूरा करने की भूख मुख्य वजह है। हरिद्वार में बुधवार को बीस वर्ष की एक छात्रा ने रेल की पटरी पर रील बनाने की कोशिश की और उसी समय आई ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी जान चली गई। जिस बच्ची को अभी पढ़ाई–लिखाई करनी थी, खेलना–कूदना था और भविष्य बेहतर बनाने के सपने देखने थे, वह सिर्फ रील बनाने के शौक में मारी गई। इस तरह की घटनाओं का एक सिलसिला–सा चल पड़ा है। ऐसा लगता है कि विवेक का उपयोग करने के बजाय इस तरह की भेड़चाल में शामिल हो गए लोगों के पास सही वक्त पर फैसला लेने की क्षमता भी नहीं बचती और इसी क्रम में वे किसी जानलेवा हादसे का शिकार हो जाते हैं। आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता हमारी जीवन–स्थितियों में गुणात्मक सुधार लाती है, लेकिन बेलगाम और गैरजरूरी तरीके से इसके इस्तेमाल में डूब जाना वक्त बर्बाद करने का जरिया बनने से लेकर जानलेवा तक साबित हो सकता है।

# पर्यावरण व इंसानी जिंदगियों के लिए नासूर बनी कात्यानी पेपर मिल

## चिमनियों से निकल रही राख,नहरों में छोड़ा जा रहा विषैला पानी

–मनोज श्रीवास्तव–

काशीपुर। जसपुर रोड पर ग्राम कुदैयावाला में संचालित कात्यानी पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड पर्यावरण तथा इंसानी जिंदगियों के लिए नासूर बन चुकी है। पेपर मिल से निकलने वाले विषैले पानी के कारण जहां बड़ी तादाद में किसानों की खेती प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी ओर इसकी चिमनियों से निकलने वाले जहरीले धुएं एवं राख के कारण लोग घातक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में कई बार पेपर मिल के संचालन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत किया गया लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों ने कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं किया यही कारण है कि आज भी पेपर मिल पर्यावरण के लिए काल बनी है। जानकारी के मुताबिक जसपुर रोड पर स्थापित कात्यानी पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक पेपर मिल पिछले लंबे समय से मानकों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रीटमेंट प्लांट महेश औपचारिकता के लिए लगाया गया है। क्योंकि ट्रीटमेंट प्लांट चलाने पर बिजली अधिक खर्च होती है इसलिए फैक्ट्री से निकलने वाले विषैले पानी को नदी नालों में छोड़ने का काम किया जा रहा है। आसपास के किसान इसी नालों से चूंकि अधिकांश सिंचाई का काम करते हैं इसलिए उनकी फसलों को भी ग्रहण लग चुका है। इसके अलावा पेपर मिल में लगी ऊंची ऊंची चिमनियों से निकलने वाले गाढे धुएं एवं राख के कारण आसपास के लोगों को नेत्र संबंधी रोगों के अलावा स्वास्थ्य फेफड़ा आदि की गंभीर बीमारियां घेरने लग गई है। जहर उगल रही फैक्ट्री के संचालन पर लगाम न होने के कारण पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। जसपुर रोड से ग्राम कुदैयावाला की ओर जाने वाले लिंक मार्ग की हालत पेपर मिल में आवागमन करने वाले ओवरलोड ट्रकों के कारण बुरी तरह खस्ता हो चुकी है। कात्यानी पेपर मिल में आवागमन करने वाले भारी वाहनों की चपेट में आकर पूर्व में कई बार गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित हुई लेकिन पेपर मिल स्वामी की प्रशासन में मजबूत पकड़ होने के कारण कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं होता। यहां बता दे की पूर्व में इसी पेपर मिल में स्थानीय लोगों द्वारा पन्नी एवं कचरा जलाए जाने का विरोध किया गया। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की तंद्रा टूटी तो उन्होंने मौके पर जाकर कार्यवाही की औपचारिकता की लेकिन इसके बाद सूत्र बताते हैं कि कंपनी का संचालन वापस उसी ढर्रे पर आ गया।

### बड़े खतरे की घंटी है कात्यानी टिशयूज

काशीपुर। हरियावाला रोड पर नियम कायदों की अनदेखी कर संचालित की जा रही कात्यानी टिशयूज बड़े खतरे की घंटी है। बारीकी से जांच किया जाए तो इस पेपर मिल में भी बड़े घपले उजागर हो सकते हैं। चूंकि यह पेपर मिल कुंडा हरिया वाला लिंक रोड पर स्थापित है इसलिए इसकी चिमनी से निकलने वाली रख अक्सर वाहन चालकों के लिए गंभीर दुर्घटनाओं का सबक बन रही है। इसके अलावा आसपास का पर्यावरण भी बुरी तरह प्रभावित है। स्थानीय लोगों की माने तो पेपर मिल के संचालक अक्सर विषैला पानी को रात के अंधेरे में छोड़ते हैं।



## अन्त्योदय योजना के राशन कार्ड धारकों को मिलेगी चीनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अन्त्योदय योजना के राशन कार्ड धारकों के लिए केन्द्र रूद्रपुर के 1026 अन्त्योदय राशन कार्ड धारक एंव गदरपुर के 1140 अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि उन्हें माह मई 2024 में अन्त्योदय राशन कार्ड पर कुल 06 किलों चीनी प्रति कार्ड रूपया 13.50 प्रति किलो के हिसाब से सम्बन्धित सस्ता गल्ला विक्रेता से चीनी मिलेगी। यह जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि यदि केन्द्र रूद्रपुर एंव गदरपुर क्षेत्र के संचालित सस्ता गल्ला विक्रेता द्वारा अन्त्योदय योजना के कार्ड धारकों को उपरोक्तानुसार चीनी का वितरण नही किया जाता है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय एंव जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## सरकारी शौचालय निर्माण को लेकर विवाद करने का आरोप

सितारगंज (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के तिलियापुर गांव में पंचर जोड़ने वाला ग्रामीण ने कुछ लोगों पर उसके सरकारी शौचालय निर्माण में अड़चन, विवाद का आरोप लगाया है। ग्रामीण आरोपियों के खिलाफ पूर्व से करीब 20 शिकायतों की पोटली बनाकर न्याय की मांग को लेकर घूम रहा है। इन शिकायतों में पत्नी, बेटी को भी गायब करने का ग्रामीण ने आरोप लगाया है। प्रकरण में पूर्व में मुकदमा भी दर्ज कराने का पीड़ित ने दावा किया है। लेकिन पत्नी, बेटी का ग्रामीण को 14 वर्ष बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। ग्राम खैरभट्टी तीलियापुर निवासी राधेश्याम पुत्र राज नारायण ने 27 अप्रैल को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह आवासीय भूमि में सरकारी शौचालय के माध्यम से निर्माण कराना चाहता है। लेकिन आरोपी उसकी शौचालय निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। आरोपी मारपीट करते हैं। उसने पुलिस से न्याय की मांग की है। इस प्रार्थना पत्र के अलावा ग्रामीण करीब 18 वर्षों से 20 प्रार्थना पत्र आरोपियों के खिलाफ लेकर न्याय की चोखट पर घूम रहा है। प्रत्येक प्रार्थना पत्र में ग्रामीण आरोपियों पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगा रहा है। ग्रामीण का आरोप है कि वर्ष 2010 में आरोपी उसकी पत्नी और एक साल की पुत्री को कही ले गए। लेकिन आज तक ग्रामीण की पत्नी का तो दूर की बात एक साल की बेटी का भी कोई पता नहीं चला। अदालत में ग्रामीण ने पत्नी और बेटी के गायब होने की शिकायत भी दर्ज कराई है। इन आरोपों को करीब 14 साल का समय बीत चुका है। इतने लंबे अंतराल के बाद ग्रामीण की गायब हुई बेटी करीब 15 वर्ष की हो चुकी होगी। शुक्रवार को सितारगंज पहुंचे राधेश्याम ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी, बेटी का कोई सुराग अभी तक नही मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार विवाद के बाद वह पुलिस से कार्रवाई की मांग करता रहा। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी ने बताया कि शौचालय निर्माण के विवाद की शिकायत उनके संज्ञान में नही है। प्रकरण में आवश्यक कारवाई की जाएगी।

## राजकुमार कोली ने ठोकी दावेदारी

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार कोली उर्फ प्रधान ने नगर पालिका अध्यक्ष सीट पर टिकट की दावेदारी पेश की है। दावेदारी पेश करते हुए उन्होंने कहा कि किच्छा नगर पालिका सीट पर वह अपनी दावेदारी पेश करेंगे तथा महिला सीट होने पर अपनी पत्नी सूरजमुखी का दावा पेश करेंगे। राजकुमार कोहली ने जनसंपर्क अभियान भी छेड़ दिया है तथा पार्टी को भी पद की दावेदारी किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर दिए हैं उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण रूप से सेवा की गई है तथा लोकसभा विधानसभा सहित सभी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को तन मन धन से चुनाव लड़ाया है। वह पिछले कई वर्षों से आजाद नगर ग्राम सुनहरा के प्रधान भी रहे हैं तथा इस क्षेत्र को जब नगर पालिका में सम्मिलित किया गया तो उसके उपरांत नगर पालिका परिषद का चुनाव भी जीत कर भारतीय जनता पार्टी का नाम रोशन किया है उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए तथा जनता में उनकी लोकप्रियता के चलते नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की सीट पर उनकी दावेदारी पूर्ण रूप से मजबूती से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ पदाधिकारी से उनका लगातार संपर्क बना हुआ है उन्होंने यह भी कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ निष्ठावान जुझारू तथा लोकप्रिय कार्यकर्ता है यदि पार्टी ने उनको अपना प्रत्याशी बनाया तो वह निश्चित तौर पर भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे।



## बोर्ड परीक्षा की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने हाई स्कूल उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है साथ छात्रों ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में दर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा हाई स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया है। हाई स्कूल के छात्र छात्राओं में कौशल गंगवार प्रियंका पाठक दीक्षा सिंह और संजना यादव अच्छा प्रदर्शन करते हुए बोर्ड में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर सभासद शोभित शर्मा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्र– छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए पुरस्कार वितरण किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र भट्ट ने कहा कि सभी छात्र–छात्राओं ने परीक्षा में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 94% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का और विद्यालय का नाम रोशन किया है उन्होंने कहा कि सभी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं का भविष्य उज्जवल रहे यही उनकी कामना है निवर्तमान सभासद शोभित शर्मा ने कहा कि उत्तीर्ण सभी छात्राओं का यह प्रदर्शन राज्य और देश के लिए भविष्य तय करेगा पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि उनके कामना है कि उत्तीर्ण सभी छात्र–छात्राएं आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप प्रधानाचार्य तुलसी प्रसाद, भुवन चंद तिवारी, मुकेश चंद, श्यामा चरण, ओमपाल, वेद प्रकाश, शंभू राम, किशोर, विनोद, भोपराम, पुरुषोत्तम, रीता रानी, नविता, गंगोत्री रानी, मंजू, शैलजा, रेखा, अंजू, केशव, तुलसी, कौशल, सुमित, प्रियंक, दीक्षा, आयुषी, वर्षा, अनमोल, शिवम, नूर, गौरी सहित छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।



## श्री कृष्ण मर्चेंट स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

किच्छा(उद संवाददाता)।श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज किच्छा के छात्रों ने वर्ष 2024 के उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में 93% तक अंक पाकर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग कैफानूर पुत्री श्री ताहिर सलमानी ने 87.8 अंक पाकर प्रथम श्रेणी प्राप्त की



इसी प्रकार से सैजान पुत्र श्री मोहम्मद साजिद 87.6% पाकर द्वितीय श्रेणी प्राप्त की तथा मोहम्मद मुनाजिर पुत्र श्री जाकिर हुसैन ने 86.6% अंक पाकर तृतीय श्रेणी प्राप्त की । हाई स्कूल में मोहम्मद रिहान पुत्र इरफान ने 92.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम श्रेणी एवं कुमारी वर्षा पुत्री राजेंद्र 89.4% अंक पाकर द्वितीय श्रेणी एवं योगेश मौर्य पुत्र प्रेम पाल मौर्या ने 85.6% अंक पाकर तृतीय श्रेणी प्राप्त की । विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा एवं प्रधानाचार्य एवं सभी को शुभकामनाएं दी।

## पालिकाध्यक्ष के लिए कांग्रेस में आठ दावेदारों ने किया आवेदन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर पालिका चुनावों की विभिन्न राजनैतिक दलों में गतिविधियां तेज हो गई हैं। हालांकि सरकार ने निकाय चुनावों की



घोषणा नहीं की हैपरंतु राजनैतिक दल इसके लिए तैयारियां करने लगे हैं। कांग्रेस की यहां संपन्न बैठक में आठ दावेदारों ने कांग्रेस के चुनाव चिहन पर चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया गया है। नगर निकाय के चुनावों की तैयारी के लिए जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष डसीला ने कहा कि नगर निकाय में कांग्रेस अध्यक्ष पद हेतु सभासदों को चुनाव लड़ाएगी। कहा कि सामाजिक छवि व पार्टी के वफादार कार्यकर्ता को प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी बनाया जाएगा। बैठक में नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आयोग द्वारा किस वर्ग को प्राथमिकता दी जाती है उसी आधार पर विभिन्न वर्गों के आधार पर सम्भावित प्रत्याशियों केनामों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाएगी, बैठक में संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चुनाव में प्रत्यासी को लेकर मंथन किया गया। वहीं चुनाव में प्रत्यासी के लिए जिला महामंत्री कवि जोशी, क्षमा साह, गीता रावल, सुनील भंडारी, विनोद पाठक, भगवत सिंह रावल, राजेंद्र सिंह परिहार, मोहन राम आर्या ने पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए टिकट दिए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने बताया कि सभी के आवेदन लिए गए हैं। सीट की स्थिति की घोषणा होने के बाद प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। कहा कि प्रदेश को सभी नामों की सूची भेजी जा रही है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 मई 2024 को तकनीकी खराबी के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– सम्पादक

# दुर्गम के शिक्षकों ने 'गाड़ा' झंडा, सुगम वालों ने 'डुबोई' लुटिया

## उत्तराखंड बोर्ड के नतीजों में पास आउट प्रतिशत एवं मेरिट की सूची में छाया पहाड़ तमाम सुविधाओं के बावजूद पहाड़ के मुकाबले पिछड़ा मैदान, परीक्षा फल में सूबे का बागेश्वर जिला सबसे अव्वल तथा हरिद्वार नैनीताल एवं देहरादून जिले फिसड्डी

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के दुर्गम क्षेत्र वाले जिलों के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक तमाम शैक्षणिक सुविधाओं के अभाव के बावजूद न केवल अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा लगन एवं ईमानदारी से कर रहे हैं , बल्कि समय आने पर स्वयं को साबित भी कर रहे हैं और साथ ही इस विश्वास को और भी मजबूत कर रहे हैं कि अगर उन्हें अपने विद्यालयों में उच्च स्तरीय शैक्षिक सुविधा मिले तो वह और भी बेहतर परिणाम दे सकते हैं ।यह तथ्य बीते दिनों उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा फल से पूरी तरह साफ हो गया है । वह इसलिए, क्योंकि प्रदेश में गुजरे मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं और 12वीं के घोषित नतीजों में उत्तीर्ण प्रतिशत एवं मेरिट की दृष्टि से पहाड़ अर्थात दुर्गम क्षेत्र के जिलों पूरी तरह छाए हुए हैं, जबकि तमाम शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं वाले मैदानी अर्थात सुगम क्षेत्र के जिलों का प्रदर्शन पहाड़ के मुकाबले अच्छा खासा खराब रहा है। बताना होगा कि बीते मंगलवार को घोषित उत्तराखंड बोर्ड के नतीजों में बागेश्वर जिला 10वीं क्लास में 95.42 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है, जबकि चंपावत 93.28 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं अल्मोड़ा 93.16 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर है।वहीं, परीक्षाफल में फिसड्डी रहे जिलों की बात करें तो देहरादून जिला नंबर एक पर और नैनीताल जिला दूसरे तथा हरिद्वार तीसरे नंबर पर है। ज्ञात हो कि हाल ही में घोषित उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे में देहरादून जिले का पास आउट प्रतिशत सबसे कम 85.76 प्रतिशत, हरिद्वार का 87.71 प्रतिशत, नैनीताल जिले का 86.61 प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर जिले काउत्तीर्ण प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति कुछ 12वीं के नतीजों की भी है।12वीं में मैदानी जिले हरिद्वार का परीक्षाफल सबसे खराब 76.13 प्रतिशत रहा है, जबकि उत्तरकाशी 79।02 प्रतिशत के साथ दूसरे और देहरादून 79।96 प्रतिशत के साथ खराब नतीजे वाले जिलों में तीसरे स्थान पर है ।मजे की बात तो यह है की 12वीं के उत्तीर्ण प्रतिशत की दृष्टि से भी दुर्गम क्षेत्र का पहाड़ी जिला बागेश्वर पहले नंबर पर है।




उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे से एक बात तो पूरी तरह साफ है की सुगम अर्थात मैदानी जिले जिलों में पदस्थ शिक्षक अपने शैक्षणिक कर्तव्यों का पालन पूरे मन से नहीं कर रहे हैं। कदाचित यही कारण है कि उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे में जहां दुर्गम जिलों ने पास आउट प्रतिशत एवं मेरिट में स्थान बनाने की दृष्टि से अपना झंडा गाड़ दिया है ,वही सुगम अर्थात मैदानी जिलों ने अपनी लुटिया डुबो दी है ।देखा जाए तो ऐसा होना लाजमी भी है क्योंकि राज्य के अधिकांश शिक्षक देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों में तैनाती के लिए शिक्षक पूरे साल एड़ी चोटी का जोर लगाए रहते हैं और वे सुगम क्षेत्र में बने रहने के लिए विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक के चक्कर काटने में ही शैक्षिक वर्ष का अधिकांश समय गुजार देते हैं ।ऐसे में वे पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य कितना कर पाते होंगे ? इसका अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं है। अब देखना यह होगा कि उत्तराखंड बोर्ड में के नतीजे में मैदानी जिलों के खराब प्रदर्शन को लेकर राज्य के शिक्षा महकमे एवं सरकार का क्या रुख रहता है ? हालांकि हालांकि राज्य के शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी का कहना है कि उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मैदानी जिलों का परीक्षाफल खराब रहने की वजह का पता लगाया जाएगा तथा इस बाबत विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से एक-एक विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली जा रही, लेकिन इस कवायद से मैदानी जिलों के विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में कितना सुधार हो पाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा ।

# भीषण गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने को बढ़ाये हाथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में बीते कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने भीषण गर्मी में आवारा पशु और पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए हाथ बढ़ाये हैं। अप्रैल माह समाप्त होते ही पारा लगातार चढ़ रहा है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे नदी, नाले, तालाब आदि सूख रहे हैं। अब तेज धूप के कारण पशु और पक्षी भी प्यास बुझाने को व्याकुल हैं। प्यास बुझाने के लिए पशु-पक्षी भटक रहे हैं। समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने इन पशु पक्षियों की सुध लेते हुए उनके लिए पीने के पानी का इंतजाम किया है। आदर्श कालोनी में अपने निवास पर डा. मनमोहन सिंह आवारा पशुओं के लिए पिछले कई वर्षों से पीने के पानी की सेवा कर रह रहे हैं अब उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के अन्य स्थानों पर भी पशु पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम कर दिया है। परिंदों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु कई जगह मिट्टी के बर्तन रखवाये गये हैं। इसके अलावा पशुओं के लिए भी जगह जगह पानी के टब भरकर रखवाये हैं। साथ ही इन पानी के बर्तनों में रोजाना पानी भरने की भी व्यवस्था की है। इसके लिए डा. मनमोहन सिंह ने बकायदा एक कर्मचारी नियुक्त किया है जो रोजाना इन पानी के बर्तनों के रखरखाव और पानी की व्यवस्था करेगा। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पौधों का जितना योगदान है, उतना ही योगदान पशु पक्षियों का भी है। पशु पक्षी पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह



कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, कई बार जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए, गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उडने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास परिंदों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। डा. मनमोहन सिंह ने लोगों से अपील की है कि गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। इससे गर्मी में तापमान से राहत मिलती है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती। साथ ही मवेशियों के लिए भी अपने घरों के आस पास भी छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रख दें, यह छोटा सा प्रयास कई बेजुबानों का जीवन बचा सकता है।

# पंतनगर विश्वविद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को मिली राहत

किच्छा(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंधन परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पूरे प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों एवं बाह्य सेवादाता द्वारा ठेका प्रथा में कराए जा रहे कार्यों में लगे श्रमिकों की 15 मार्च 2024 को (हर 5 वर्ष पर वेतन पुनरीक्षित करने के क्रम में) 20% न्यूनतम वेतन बढ़ाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार द्वारा आदेश के पंतनगर में लागू न होने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी से मिलकर इसे पंतनगर विश्वविद्यालय में भी लागू करने का अनुरोध किया गया था। प्रदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी के सार्थक हस्तक्षेप से पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इसे पंतनगर में पत्रांक संख्या क/18077 2 मई 2024 को लागू कर दिया गया। प्रबंधन परिषद सदस्य पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंतनगर के सभी दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका कर्मी, बी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। प्रबंधन परिषद के सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि उनके प्रयासों से हुआ है जबकि हर 5 वर्ष पर सरकार न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण करते हुए इसे 20% बढ़ाती है। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के श्रमिक 15 मार्च 2024 के आदेश के बावजूद वंचित थे, आज मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के हस्तक्षेप से पंतनगर को भी मिला जिससे प्रत्येक कर्मचारी एवं श्रमिक के वेतन में 100 से 115 रुपए प्रतिदिन की वृद्धि होगी।

# कामरेड अतुल कुमार के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के वर्ष 1978-79 में अध्यक्ष रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुलकुमार अनजान के निधन पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री लोकतन्त्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने उनके निधन को किसान मजदूरों और युवा लोगो की क्षति बताया है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा अतुलकुमार अनजान लोगों की लड़ाई लड़ने एक विलक्षण योद्धा थे और वे एक ऐसे शख्स थे जो सिर्फ जुल्म के खिलाफ लड़ना जानते थे। उनका संघर्ष जीवन के अंतिम सांस तक जारी रहा। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और हमेशा कामरेड ही बने रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रनेता कस्तूरीलाल तागरा ने कहा वे अत्यंत ही विचारवान नेता थे उनके संघर्ष और समर्पण की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है । श्रद्धांजलि सभा मे श्रीमती प्रभा पालनी विपिंचन्द जोशी, धरणीधरगुणवत्त , सर्वेश्वरसिंह ,सर्वजीतसिंह , भीम पपनेजा ,रजनीशकुमारसिंह तथा नरेन्द्र अरोड़ा समेत तमाम पूर्व छात्र मौजूद थे।

# कमरे से नगदी और मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैंप में अज्ञात चोरों ने सिडकुल कर्मियों के कमरे एस नगदी और मोबाईल चोरी कर लिया। महेश चन्द्र सिंह पुत्र शिव सिंह हाल निवासी निकट रॉक जिम ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम डुंगरी चौरसो थाना बैजनाथ जिला बागेश्वर का कहना है कि गत रात्रि 11 बजे वह और उसका साथी कमरे में सो गए। मध्य रात्रि शोर होने पर बाहर आए तो पता चला कि चोर आए थे। महेश ने बताया कि उसने अपने कमरे में देखा तो कमरे से उसका पर्स, मोबाइल फोन, आवश्यक कागजात व 6500 रुपए गायब थे तथा उसके रूमपार्टनर का मोबाइल भी नहीं था। पीड़ि ने पुलिस से शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**वन विकास निगम के ..**क्षति है। इस असीम कष्ट को शब्दों में बयान नहीं कर पा रहा हूँ। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा में खपा दिया, वह एक आदर्श जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव याद किए जाएँगे। चम्पावत के विकास को लेकर जो उनके संकल्प थे उन्हें पूर्ण करने की दिशा में हम समर्पित होकर कार्य करेंगे। वन विकास निगम अध्यक्ष कैलाश गहतोडी का अंतिम संस्कार काशीपुर में होगा।

**परिजनों पर दिवंगत मां...** और पप्पी उसकी माता के उक्त हिस्से पर हमेशा कब्जा करने की फिराक में लगे रहते हैं। वृद्ध माता की देखभाल के लिए उनके अन्तिम दिनों में अपने मायके आगयी थी। ज्योति कौर का आरोप है कि 26 अक्टूबर 2023 को उसकी माता का निधन हो गया। माता का अन्तिम संस्कार आदि कर मकान में उसने अपना ताला डाल दिया था। 16 नवम्बर 2023 को वह अपने उक्त मकान को देखने के लिए अपने मायके पहुंची । तभी चाचा गुरमीत सिंह, बुआ सीरो कौर, ताई लाडो कौर और पप्पी अवैध असलाहों से लैस एक राय होकर उसके मकान पर आ धमके और उसके कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा उसका व उसकी माता का घरेलू व कीमती सामान जिसमें माता के सोने के कुण्डल, चैन व चाँदी की एक प्लेट व नकद 3,000 रूपये रखे थे, लूट लिये और उसे व उसके पति को धमकी दी कि तेरा इस घर व दुकान में कोई हिस्सा नहीं है । तू यहाँ से चली जा नहीं तो हम तुझे व तेरे पति को जान से मार देगें। उसने व उसके पति ने वहाँ से भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई और थाना रूद्रपुर में उक्त घटना की रिपोर्ट दी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं

**भूमिधरी कराने के नाम...**पट्टे की भूमि को भूमिधरी करवाने की बात की तो निकिता सिंह ने जमीन भूमिधरी करवाने हेतु पट्टे के मूल दस्तावेज, आधार कार्ड, 2 फोटो एवं बीस हजार रूपये नकद ले लिये व जल्दी ही काम करवाने का आश्वासन दिया। कुछ दिनों बाद उपर रूपये देने की बात कहकर उससे 10 लाख रूपये ले लिये। 3 दिन बाद तीन लाख पचास हजार रूपये दोनों को दिया। कुल तेरह लाख सत्तर हजार रूपये निकिता सिंह व गुरविन्दर सिंह को दे दिये हैं। इसके पश्चात जमीन जल्दी भूमिधरी करवाने को कहा तो नीकिता ने कहा अगर पांच लाख रूपये और नहीं दिये तो तुम्हें झूठे मुकदमें में फंसा दूंगी। रामरतन ने जब इसके बारे में पता किया तो पता चला कि यह महिला भीमनगर, थाना-काशीपुर की निवासी है एवं इसका वास्तविक नाम हिना रावत है, जो अक्सर लोगों के विरूद्ध झूठे मुकदमें लिखवाकर रंगदारी वसूलने का काम करती है एवं लोगों को नौकरी लगवाने व काम करवाने के नाम पर भी ठगी करने का धंधा करती है। इसके विरूद्ध उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश में संगीन मुकदमें चल रहे हैं व 3 बार जेल जा चुकी है। इसने अपना घर बदल दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नौकरी व एजेंसी ...**हिना रावत ने 20001 रूपये एक ज्वैलर्स के खाते में स्थानान्तरित कराकर उससे नकद प्राप्त कर लिये। 06 दिसम्बर 2023 को हिना द्वारा पुनः 6 लाख रूपये रजनीगंधा पान मसाले की एजेंसी दिलाने के नाम पर बहला फुसलाकर ले लिये। 21 दिसम्बर 2023 को 22 हजार रूपये अपने साथी पारस चौहान के खाते में प्राप्त कर लिये। 22 दिसम्बर 2023 को 8 हजार, 23 दिसम्बर 2023 को 44हजार तथा 02 जनवरी 2024 को 20, हजार कुल 72 हजार रूपये एक स्वीट्स हाउस के खाते में गूगल पे से स्थानान्तरित कराकर उनसे नकद प्राप्त कर लिये गये। आरोप है 29 जनवरी 2024 को रूपये 30 हजार तनु चौहान के बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिये। इस प्रकार उक्त हिना रावत के पास नकद व ऑन लाईन के माध्यम से कुल रूपये 13,44,001 रूपये उससे प्राप्त कर लिये। रूपये लेने के बाद भी हिना द्वारा न तो पुत्र को नौकरी दिलवाई तथा न ही रजनी गंधा की एजेंसी दिलवाई।

**परीक्षा में बैठने से रोकने ...**द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें आज राजकीय महाविद्यालय किच्छा में उन छात्रों को परीक्षा देने से रोका गया जिनकी उपस्थिति नियम अनुसार कम थी। यह जानकारी जब छात्र नेताओं को मिली तो उन्होंने गुस्से का इजहार करते हुए राजकीय महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर परीक्षा में सम्मिलित किए जाने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया और विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में विद्यालय प्रशासन से जानकारी लेनी चाही तो विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई ।धरना दे रहे छात्रों ने कुमाऊं महाविद्यालय के कुलपति को एक ज्ञापन भी भेजा है जिसमें कहा गया है कि महाविद्यालय में अध्यनरत सैकड़ो छात्र ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तथा कुछ छात्र-छात्राएं स्वास्थ्य समस्याओं के चलते भी अपनी उपस्थिति पूर्ण रूप से दर्ज नहीं कर पाए हैं जिस वजह से छात्राओं के भविष्य के साथ परीक्षाओं में बैठने से रोक कर खिलवाड़ किया जा रहा है।धरने पर बैठे छात्राओं ने कुलपति से मांग की है कि आर्थिक रूप से कमजोर और स्वास्थ्य कारणों के चलते विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने दिया जाए। धरना देने वालों में मुख्य रूप से नाजिश मंसूरी, सामी खान, अंग्रेज सिंह,मोहम्मद अरबाब, मोहम्मद फुरकान, शहजाद, फैजान सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

**संजय नगर खेड़ा..**सरकारी मदिरा कि दुकान संजय नगर खेड़ा मे नही खुलने देंगे, जिसके लिए आबकारी अधिकारी से वार्ता कर ली गयी है। माग पूरी होने पर संजय खेड़ा के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। ज्ञापन देने वालों मे अखिल विश्वास, शिव कुमार राय, अम्ल मंडल, सूरजन मंडल, किरन, आशीष बाला, अरुण दास, बबलू मंडल, श्याम सुंदर राय, रंजन मलिक, निशिकांत राय मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश कोली, दिलीप अधिकारी, एमपी मौर्य, मनोज मदान, विकास सागर, सोनू आदि भी मौजूद रहे।

**स्कूल के पास ..**कि यदि प्रशासन ने यहां से शराब की दुकान को शीघ्र अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया तो वह क्षेत्र वासियों को साथ लेकर डीएम कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान रजत सेठी, पुष्पा त्रिपाठी, उषा देवी, मुन्नी देवी, गुलशन बठला,विशाल हुडिया, नीलम हुड़िया, रानी, सोनी, नीलम, बबिता, जानकी देवी, कान्ति, भूरी देवी, गंगा रानी, सुमन शुक्ला, शुकुतला मेहता, नीलम मौर्य आदि अनेकों लोग थे।

**मंदिर से देवी...**यहां बता दें कि घटनास्थल के आसपास कई प्रतिष्ठानों एवं निजी भवनों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं ऐसे में पुलिस यदि चाहे तो फुटेज के सहारे चोरों को तत्काल बेनकाब कर सकती है लेकिन घटना के तीन दिन बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया।

**डिवाईडर से भिड़ी...** ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन चिकित्सालय आ पहुंचे और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक संतोष की पत्नी व दो पुत्र हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# बाजार की सड़कों और फुटपाथों पर व्यापारियों का कब्जा





## अधिकारियों की खामोशी से बढ़ रहे व्यापारियों के हौंसले, मार्गों व दुकानों के आगे फुटपाथ व ठेलों पर सामान बेचने वालो के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल

-प्रमोद धींगरा-

रूद्रपुर। कुमांऊ क्षेत्र का प्रवेश द्वार एवं प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र रूद्रपुर महानगर का मुख्य बाजार प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते पिछले काफी समय से अतिक्रमण की चपेट में आया हुआ है। यहां मुख्य बाजार में तमाम व्यापारियों द्वारा निजी स्वार्थों के चलते न सिर्फ दुकान का सामान पूरे फुटपाथ को घेर कर फैलाया गया है साथ ही सड़क पर भी सामान सजा दिया गया है। इतना ही नही अपनी दुकानों के आगे फड़ व ठेली के माध्यम से कारोबार करने वाले व्यापारियों को जगह उपलब्ध कराई गई है। जिस कारण लोगों को बाजार में वाहन के साथ तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और उन्हें बाजार में खरीददारी करने के लिए परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान अतिक्रमण को हटाकर आम जनता की परेशानियों को दूर करने के बजाये सिर्फ फड़ ठेली वालों से तहबाजारी वसूलने तक ही सीमित होकर रह गया है। जहां तक पुलिस प्रशासन की बाजार क्षेत्र में व्यवस्थाओं की बात करें तो पुलिस अधिकारियों द्वारा बाजार में वाहनों के लिए नो एन्ट्री की कई बार व्यवस्था बनाई जा चुकी है। परंतु अधिकारी इस व्यवस्था को निरन्तर बनाये रखने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं। बाजार क्षेत्र में जिन महिला व पुरूष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है वह अपनी जिम्मेवारियों को बिल्कुल भी नहीं निभा रहे हैं। ड्यूटी के नाम पर उनके द्वारा महज खानापूर्ति ही की जाती है। बाजार क्षेत्र में विधवानी मार्केट, गुड़ मण्डी, अम्बेडकर चौक से गल्ला मण्डी, दुर्गा मंदिर गली, मटके वाली गली, गोल मार्केट, गांधी पार्क रोड़, पांच मंदिर रोड़, सब्जी मंडी, आर आर क्वार्टर, भगत सिंह चौक सहित तमाम ऐसे बाजार क्षेत्र हैं जहां सड़कों एवं फुटपाथ पर कई फुट अतिक्रमण कर व्यापारियों द्वारा लोगों की समस्याओं को न सिर्फ बढ़ाया जा रहा है बल्कि निगम, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से बेखौफ होकर कानून की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को बढ़ावा देने वाले व्यापारियों को किसी न किसी रूप में व्यापार मंडल का संरक्षण मिलता रहता है। जबकि व्यापार मंडल पदाधिकारियों



के साथ व्यापारी भी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि बाजार में ग्राहक तभी आता है जब उसे सामान खरीदने में कोई परेशानी न हो। बाजार में खड़े एवं गुजरते वाहनों से महिलाओं को खुद के साथ अपने छोटे बच्चों को सुरक्षित बचाना जोखिम भरा हो जाता है। वहीं मार्गों व दुकानों के आगे फुटपाथ व ठेलों पर सामान बेचने वालो के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बाजार क्षेत्र में भीड़ का फायदा आपराधिक तत्व भी उठाते हैं। बाजार में दिनदहाड़े छीनाझपटी, लूट, चोरी जैसी कई घटनायें हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में ग्राहक बाजार में आकर सामान खरीदने के बजाये अपने घर के आसपास मौजूद दुकानों से ही सामान खरीदना बेहतर समझता है। उधर बाजार का अधिकांश व्यापारी ग्राहक का इंतजार करता रहता है। यदि व्यापार मंडल अपने ही व्यापारियों का भला चाहता है तो उसे सभी व्यापारियों को किसी भी दशा में दुकान के आगे किसी भी तरह का अतिक्रमण न करने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही अतिक्रमणकारी व्यापारियों को संरक्षण देना पूरी तरह से बंद करना होगा। नगर के बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करने का पहला दायित्व स्वयं व्यापार मंडल का है। यदि बाजार में अतिक्रमण ही नहीं होगा तो अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने की कोई आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी और बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ने से इसका लाभ निश्चित रूप से व्यापारियों को मिलेगा। नगर निगम द्वारा बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और सामान खरीदने के लिए बाजार आने वाले लोगों के हित में फुटपाथ का निर्माण कराया गया। लेकिन लगभग सभी फुटपाथों पर व्यापारियों का कब्जा हो चला है जिसके चलते बाजार आने वाले ग्राहकोंसहित आम जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर न तो व्यापार मण्डल का ध्यान जा रहा है और न ही प्रशासन व विभागीय अधिकारियों की आंखों से पट्टी हट रही है। बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध व अतिक्रमणकारी व्यापारियों को संरक्षण देने के नाम पर व्यापार मंडल सिर्फ व्यापारी हित तक ही सीमित होकर रह गया है। आम जनता के हितों की उसे कोई परवाह नहीं रह गई है। व्यापार मंडल की नीति से अब यह स्पष्ट हो गया है कि व्यापार मंडल सिर्फ व्यापारियों का ही हितैषी है। उसके सामने बाजार में आने वाले ग्राहकों व आम जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं। जबकि ग्राहकों की बदौलत ही व्यापारियों का कारोबार चलता है। अब व्यापार मंडल को बाजार में अतिक्रमण को लेकर अपनी नीतियों में परिवर्तन करना ही होगा। अतिक्रमण करने व इसे बढ़ावा देने वाले व्यापारियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापार मंडल को खुद आगे आना होगा।

## पुलिस प्रशासन की बेरूखी से मुख्य बाजार बना पार्किंग स्थल

रूद्रपुर।पुलिस प्रशासन की बेरूखी के चलते जिला मुख्यालय के बाजार वाहनों के पार्किंग स्थल का रूप ले चुके हैं। अम्बेडकर चौक से लेकर मुख्य बाजार होते हुए काशीपुर मार्ग तक, डीडी चौक से मुखर्जी चौक तक बाजार क्षेत्र में विधवानी मार्केट, गुड़ मण्डी, अम्बेडकर चौक, दुर्गा मंदिर गली, मटके वाली गली, गोल मार्केट, गांधी पार्क रोड़, पांच मंदिर रोड़, सब्जी मंडी, आर आर क्वार्टर, भगत सिंह चौक सहित तमाम ऐसे बाजार क्षेत्र हैं जहां प्रात: से लेकर देर सायंकाल तक मार्गों के मध्य दो पहिया, तिपहिया व चार पहिया वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। जिस कारण कई बार तो यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाता है। जिससे न सिर्फ आम जनता को बल्कि व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तो बाजार क्षेत्र में वाहनें का जमावड़ा और वहीं साथ ही साथ मार्ग के दोनों ओर खड़े होने वाली ठेलियों के कारण यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो चुका है। गौरतलब बात तो यह भी है कि यह सब कुछ देखते हुए भी प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के साथ ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। व्यापारी नेताओं की गहरी नींद तभी खुलती है जब पुलिस प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में खडे वाहनों का चालान करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। हांलाकि प्रशासन द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए स्थानों का भी निर्धारण किया गया है। बावजूद इसके मुख्य बाजारों में वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही लोगों के लिए परेशानियों का सबब बन चुकी है।